an>

Title: Need to open a Army Recruitment Centre in Bharatpur Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री बहादुर सिंह कोली (भरतपुर) ः मेरा लोक सभा क्षेत्र भरतपुर संभाग मुख्यालय केंद्र है। इस संभाग के अंतर्गत धौलपुर, करौली, सवाई माधोपुर एवं भरतपुर जिले आते हैं। यह क्षेत्र राजस्थान का पूर्वी भाग है, जिसकी सीमा उत्तर प्रदेश एवं हरियाणा से लगी हुई है। इस संभाग मुख्यालय पर पुलिस एवं प्रशासन के सभी संभाग स्तरीय कार्यालय स्थापित हैं। इस क्षेत्र के बहुत बड़ी संख्या में युवा, सेना में देश के अनेक भागों में कार्यरत हैं। भरतपुर संभाग मुख्यालय पर छोटा मिलिट्री स्टेशन भी स्थापित है तथा यह देश के सभी भागों से रेल एवं सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है। यहां पर सेना भर्ती केन्द्र के लिए उपयुक्त स्थान भी उपलब्ध है।

अतः मैं सरकार से भरतपुर संभाग मुख्यालय पर सेना भर्ती केन्द्र खोले जाने की मांग करता हूँ।